भजन

जाग जरा ओ सोने वाले,वक्त का कर कुछ ध्यान तू
तेरे प्रीतम दूर ना तुझसे, कर उनकी पहचान तू
जाग जरा ओ..

1- क्या रखा है इस दुनिया में,जिसको कहता मेरी है
झूठ ही झूठ है इस नगरी में,काल की इसमे फेरी है
नकली है यहां रिश्ते-नाते ,असल की कर पहचान तू
जाग जरा ओ

2-आए है जो प्यार में तेरे,छोड़ भला कहां जायेगें
जब तक हम ना जाग सकेगें,वापस वो भी ना जायेगें
इस चोले में संग है तेरे,अब तो कर पहचान तूं
जाग जरा ओ..

3-मोमिन कहते है अपने को,मोमिन का क्या काम है
हर पल है दीदार धनी का,सेवा उनका काम है
निन्दा चुगली गर करता है,काफर उसको जान तूं
जाग जरा ओ..